राजकीय बीडीकेअस्पताल : आज का आउटडोर

भास्कर अपडेट
सुबह : 9 से 1 बजे
शाम : 4 से 6

फिजीशियन : डॉ. कुंदनसिंह मोल, डॉ. शुभकरण बूरी, डॉ. अनिल महलावत
आई : अवकाश
शिशु रोग : डॉ. मनीराम बुगालिया, डॉ. असलम (शाम को जनाना अस्पताल)
सर्जन : डॉ. पीएस सोहू, डॉ. वीके गुप्ता, डॉ. सहीराम, डॉ. शक्तिसिंह
ईएनटी : डॉ. अंजलि गुप्ता, डॉ. समिधा जौहरी
चर्म रोग : अवकाश
दंत रोग: डॉ. मगन कुमारी मीणा
मनोरोग : डॉ. जयसिंह
स्त्री-प्रसूति रोग : डॉ. सरजू, डॉ. सुजाता महलावत, डॉ. अनिल सहारण (सभी जनाना अस्पताल)
अस्थि रोग : डॉ. शुभकरण कालेर
सोनोलॉजिस्ट : डॉ. राजकुमार डांगी
होम्योपैथ चिकित्सक : डॉ. रमेश यादव
आयुर्वेद चिकित्सक : अवकाश
चिकित्सा अधिकारी : डॉ. सुभाष चौहान, डॉ. रतनकुमार मीणा, डॉ. महिपाल, डॉ. विजय कुमार, डॉ. सुनील काला
ड्यूटी डॉक्टर : दोपहर 01 बजे से शाम 04 बजे तक तथा शाम 06 बजे से रात 09 बजे तक डॉ. बंशीधर झाझड़िया
रात्रि कालीन : डॉ. विजय कुमार
ऑपरेशन डे : डॉ. वीके गुप्ता, डॉ. सहीराम (सर्जन)
एनेस्थिसिया : डॉ. अंजना माथुर
बीपीएल ऑथोरिटी : डॉ. पीएस सोहू, डॉ. महिपाल
नोट : महिला-पुरुष नसबंदी सेवा रहेगी।

सड़क हादसों में तीन घायल

खेतड़ी | सड़क हादसों में शुक्रवार को तीन लोग घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार झाड़ली के रामनिवास को रोजड़ा के पास ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। उसे 108 वैन ने अजीत अस्पताल पहुंचाया, वहां से गंभीर हालत में जयपुर रैफर कर दिया गया। इसी प्रकार ढाणी पिरोतावाली तन जोधपुरा के बोदूराम सैनी ने रिपोर्ट दी कि 29 नबंवर को उसके लड़के कैलाश व उसके दोस्त मनोज को कार चालक ने टक्कर मार दी।

टैंपो से बाइक सवार घायल

झुंझुनूं | धनूरी से लादूसर के बीच शुक्रवार सुबह टैंपो की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया। राहड़ों का बास का सुभाष पुत्र रामकुमार झुंझुनूं की ओर आ रहा था। इधर से जा रहे टैंपो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल सुभाष को 108 वैन से झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जरूरत ईंधन के नए इंतजाम की

उत्तम जोशी

झुंझुनूं | जिले के लाखों घरों में आज भी ईंधन के रूप में लकड़ियां इस्तेमाल होती हैं। वैकल्पिक और गैरपारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के सरकारी दावे यहां सतही हैं। सर्दी में ईंधन की जरूरत बढ़ जाती है। पेड़ और जंगल खत्म होते जा रहे हैं, ऐसे में अधिकांश महिलाओं की दिनचर्या में ईंधन का इंतजाम करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। झुंझुनूं-चिड़ावा रोड पर एक खेत में सूखी टहनियां इकट्ठी करती महिलाएं।

विकल्प तलाशना होगा

जनगणना 2011 के मुताबिक झुंझुनूं जिले के मकानों में खाना बनाने के लिए वैकल्पिक और गैरपारंपरिक ऊर्जा स्रोतों का उपयोग बिल्कुल नहीं होता। क्षेत्र में पशुधन अच्छी संख्या में है लेकिन कहीं बायोगैस का उपयोग नहीं होना आश्चर्य है। मरुस्थलीय क्षेत्र में तेज धूप का उपयोग अक्षय ऊर्जा में अथवा गर्मी में चलने वाली आंधियों को हम पवन ऊर्जा के रूप में उपयोगी नहीं बना पा रहे हैं।

सरकारी महकमों में पदोन्नति की चर्चा

झुंझुनूं| सरकारी महकमों में इन दिनों पदोन्नति की चर्चा है। शुक्रवार को अधिकारी-कर्मचारी इसकी चर्चा करते रहे। कई विभागों में डीपीसी हो चुकी है तो कई विभागों में प्रक्रिया चल रही है। जानकारी के मुताबिक चिड़ावा कृषि विभाग में सहायक निदेशक डॉ. राजेंद्र लांबा को उप निदेशक पद पर, झुंझुनूं कृषि विभाग में सहायक कृषि अधिकारी शीशराम जाखड़ व अरड़ावता में सहायक कृषि अधिकारी असगर अली पहाड़ियान को कृषि अधिकारी पद पर पदोन्नत किए जाने की चर्चाएं हैं।

चार जुआरी गिरफ्तार

बुहाना| पुलिस ने शुक्रवार को जुआ खेलते चार जनों को गिरफ्तार किया। कस्बे के पुराने बाजार स्थित धर्मशाला के सामने बुहाना के रणजीत सिंह, शफीक, राजवीर व रोशनलाल ताश के पत्तों पर दाव लगा रहे थे। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 2550 रुपए व पत्ते जब्त कर लिए।

विदेश से 85 दिन बाद आ सका शव

मंडावा | लुमास के जगदीश शर्मा का शव सऊदी अरब से शुक्रवार को गांव पहुंचा। उसकी 85 दिन पहले हार्टअटैक से मौत हो गई थी। सूत्रों के अनुसार जगदीश (58) पुत्र लक्ष्मीनारायण शर्मा सऊदी अरब में पांच साल से एक कंपनी में चालक पद पर कार्यरत था। वह गांव में छुट्टियां बीता कर 28 अप्रैल 2012 को विदेश गया था। वहां 14 सितंबर 2012 को हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गई थी। जगदीश की पत्नी द्रोपदी ने दो महीने पहले राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर शव मंगवाने की गुहार की थी। कानूनी पेचीदगी व लंबी प्रक्रिया के चलते परिवार के लोग शव आने का इंतजार करते रहे। शुक्रवार सुबह जगदीश का अंतिम संस्कार किया गया।

टीचर्स को पसंद नहीं होमवर्क जांचना

शिक्षा संबलन अभियान का आखिरी दिन

झुंझुनूं | शिक्षा संबलन अभियान के आखिरी दिन शुक्रवार को भी अधिकारियों ने स्कूलों की हकीकत देखी। इनमें कई खामियां सामने आई। कई स्कूलों में तो जुलाई से अब तक एक बार भी होमवर्क की कॉपी नहीं जांची गई।

आरटीई के एपीसी जुगल किशोर ने राउप्रावि हंसासरी का निरीक्षण किया। यहां 86 में से 56 बच्चे उपस्थित थे। कक्षा चार व सात के बच्चे अंग्रेजी नहीं पढ़ पाए। हिंदी में वर्तनी अशुद्ध थी। अधिकांश के पास गणित व अंग्रेजी की वर्क बुक नहीं थी। एसएसए के कार्यक्रम सहायक हरिसिंह ताखर ने राबाप्रावि, धनूरी का निरीक्षण किया यहां 20 में से 10 बालिकाएं उपस्थित थीं। बालिकाओं का स्तर सामान्य रहा। एसएमएस के सदस्यों की बैठक लेकर नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। एसएसए डीपीसी ओमप्रकाश मंगावा ने राउप्रावि नयाबास (धनूरी) का निरीक्षण किया। यहां 140 मेसे 120 छात्र उपस्थित थे। आठ शिक्षक कार्यरत मिले। कक्षा सात में 13 छात्र-छात्राओं में से सात बालिकाएं हिंदी, अंग्रेजी एवं गणित का स्तर ठीक था लेकिन छह छात्रों को तीनों विषयों में लिखना, पढ़ना कुछ नहीं आया। कक्षा चार में 14 में से दो बच्चे ही अंग्रेजी और गणित में पढ़ लिख पा रहे थे। कक्षा दो के बच्चे लहर कक्ष में लिखे अक्षरों की पहचान नहीं कर पाए। वर्कबुक की जांच नहीं की गई। कंप्यूटर लैब काफी समय से बंद था। लैब खुलवाकर कंप्यूटर चलवाए। वहां केवल एक कंप्यूटर ही चल रहा था।

परीक्षा केंद्र खोलने के लिए कॉलेज गेट बंद करेंगे छात्र

सेठ मोतीलाल कॉलेज में आज शैक्षणिक बहिष्कार

भास्कर न्यूज | झुंझुनूं

सेठ मोतीलाल पीजी कॉलेज व सेठ मोतीलाल शिक्षा केंद्र कॉलेज का परीक्षा केंद्र बहाल करवाने के लिए एनआरएफ कार्यकर्ता शनिवार को कॉलेज का गेट बंद कर प्रदर्शन करेंगे। यह फैसला शुक्रवार को कॉलेज के बाहर धरना स्थल पर हुई छात्रसभा में लिया गया।

संगठन के जिला उपाध्यक्ष विकास भेड़ा ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन छात्रों को अपने जायज हक के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर कर रहा है। कॉलेज कमेटी अध्यक्ष रवि चाहर की अध्यक्षता में आंदोलन की रणनीति तैयार कर ली गई है। सभा को सेठ मोतीलाल शिक्षा केंद्र कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष बिलाल अली खोखर ने कहा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। छात्र नेता मनीष झाझड़िया ने बताया कि शनिवार को शैक्षणिक बहिष्कार भी किया जाएगा।

छात्र सभा में सेठ मोतीलाल पीजी कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष जितेंद्र सैनी ने बताया कि एक प्रतिनिधिमंडल एनआरएफ के जिलाध्यक्ष अजय तसीड़ के नेतृत्व में राजस्थान यूनिवर्सिटी के कुलपति से मिला। कुलपति ने बताया कि इस मामले में जांच चल रही है, जल्द ही फैसला लिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में संगठन के जयपुर जिलाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, ईश्वर सिंह, ललित शर्मा, देवेंद्र सिंह राठौड़, अजय गौड़ आदि शामिल थे। इधर, परीक्षा केंद्र बहाली के लिए कॉलेज के बाहर एनआरएफ का धरना शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा।

17 तक भिजवाएं रिकॉर्ड व जीपीएफ पासबुक

झुंझुनूं | राजकीय उच्च माध्यमिक व राजकीय माध्यमिक स्कूल के कर्मचारियों की राज्य बीमा की रिकॉर्ड बुक एवं पीएफ की पास बुक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। उप निदेशक योगमित्र दिनकर ने बताया कि संस्था प्रधान अपने अधीनस्थों की पासबुक भिजवाएं । उन्होंने ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, सामुदायिक चिकित्सा केंद्रों एवं पीएमओ के अधीनस्थ कर्मचारियों की उक्त बीमा रिकॉर्ड बुक एवं जीपीएफ पासबुक कार्यालय में 17 दिसंबर तक भिजवाने के लिए कहा है।

मारपीट व लूट मामले दर्ज

पिलानी| थाने में दो मामले दर्ज हुए हैं। ब्राह्मणों की ढाणी तन देवरोड के मूलचंद ने गुगनराम वगैरह छह के खिलाफ खेत में बने मकानों में जबरन घुसन, मारपीट करने तथा फव्वारा पाइप लूटकर ले जाने का मामला दर्ज कराया है। पिलानी के महेश कुमार ने धींधवा अगुना के नरेश शर्मा के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया।

शिकागो यात्रा की याद में 12 को मनेगा विरासत दिवस

प्रभात फेरी निकलेगी, झांकियां सजाई जाएंगी

भास्कर न्यूज | खेतड़ी

स्वामी विवेकानंद के शिकागो लौटने के उपलक्ष्य में 12 दिसंबर बुधवार को दूसरा विरासत दिवस मनाया जाएगा।

मिशन के स्वामी आत्मनिष्ठानंद ने बताया कि 12 दिसंबर 1897 को शिकागो सर्वधर्म सम्मेलन में भारतीय संस्कृति का परचम लहराने के बाद स्वामी विवेकानंद खेतड़ी आए थे। इस साल भी 12 दिसंबर को कस्बे में सुबह प्रभात फेरी निकाली जाएगी। जिस तरह तत्कालीन खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी का शिकागो से लौटने पर भव्य स्वागत किया था, उसी प्रकार जीवंत झांकी सजाकर भव्य आयोजन किया जाएगा। मिशन ने इसके लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है।

वैदिक के साथ विज्ञान शिक्षा चाहते थे विवेकानंद

स्वामी विवेकानंद वैदिक शिक्षा के साथ विज्ञान के भी पक्षधर थे। उन्होंने खेतड़ी के संस्कृत स्कूल में राज पंडित से पाणिनी रचित व्याकरण अष्टाध्यायी से संस्कृत सीखी। वर्तमान रामकृष्ण मिशन के विवेकानंद स्मृति मंदिर में रहकर उन्होंने खेतड़ी नरेश अजीतसिंह को विज्ञान और खगोल का ज्ञान दिया। विवेकानंद जब भी खेतड़ी आए उन्होंने संस्कृत स्कूल में भारतीय वैदिक ग्रंथों को नजदीक से समझा। विवेकानंद स्मृति मंदिर से

रात के समय स्वामीजी राजा अजीत को दूरबीन के माध्यम से ग्रहों की स्थिति और उनके प्रभाव के बारे में जानकारी देते थे। खेतड़ी के जयसिंह स्कूल में उस समय केवल वैदिक शिक्षा और संस्कृत का ही ज्ञान दिया जाता था। राजा अजीतसिंह ने इस स्कूल में विज्ञान की प्रयोगशाला की स्थापना करवाई। कहा जाता है कि रियासत काल के समय जयसिंह स्कूल एकमात्र ऐसा स्कूल था जहां पारंपरिक शिक्षा के अलावा विज्ञान पर बल दिया गया।

खास नंबरों से मिले सवा लाख

वाहनों के स्पेशल नंबर लेने का क्रेज, 01 व 786 नंबरों की मांग ज्यादा, पिछले महीने डीटीओ में आए 34 आवेदन

झुंझुनूं | गाड़ी का नंबर तो 01 ही हो। पैसे की चिंता नहीं। अपनी गाड़ी के लिए तो 786 नंबर ही चाहिए, फिर चाहे लाख रुपए लग जाएं। किसी को अंत में 00 तो किसी को 1111 नंबर की चाह है। कोई 9999 तो कोई 0007 के लिए पैसा खर्च करने को तैयार है। इन विशेष नंबरों के लिए जिला परिवहन विभाग में हर महीने बीसियों आवेदन आते हैं। वाहन मालिकों में गाड़ी के विशेष नंबर लेने की चाह बढ़ी है। इसी चाह ने जिला परिवहन विभाग को नवंबर महीने में सवा लाख रुपए का राजस्व दिलाया।

डीटीओ के लेखाधिकारी सुमेर सिंह ने बताया कि विशेष नंबरों के लिए नवंबर महीने में 34 आवेदन आए। इनसे एक लाख 26 हजार का राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग ने विशेष नंबरों, जैसे 1 से 10 तक, 100, 101, 1111, 786, 999, 5500, 0066, 9999 आदि चाहने वालों के लिए विशेष व्यवस्था की है। ऐसे नंबरों की चाह रखने वालों के लिए विभाग द्वारा विशेष नीलामी प्रक्रिया अपनाते हुए बोली लगाई जाती है। 01 व 786 नंबरों के लिए आवेदन राशि टू-व्हीलर के लिए पांच हजार व फोर व्हीलर के लिए 21 हजार रुपए है। एक ही नंबर के लिए एक से ज्यादा आवेदन आने पर सभी आवेदनकर्ताओं से आवेदन राशि के डिमांड ड्राफ्ट विभाग द्वारा अग्रिम ले लिए जाते हैं। इसके बाद नीलामी शुरू होती है। जो वाहन मालिक सबसे ऊंची बोली लगाता है उसे वह नंबर अलॉट कर दिया जाता है। असफल रहने वालों को उनके डिमांड ड्राफ्ट वापस लौटा दिए जाते हैं।

इसलिए बढ़ी विशेष नंबरों की चाह

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर लोग अब गाड़ी भी कुंडली योग देखकर खरीदने लगे हैं। गाड़ी खरीदने से पहले ज्योतिषी से अपनी कुंडली में वाहन योग व वाहन खरीद योग पूछते हैं। ज्योतिषी के बताए समय पर ही गाड़ी की डिलीवरी लेते हैं। उसी के बताए अनुसार गाड़ी के नंबरों का आंकड़ा भी बैठाते हैं। कुछ लोग अपनी सभी गाड़ियों के नंबर एक जैसे ही रखना चाहते हैं इसके लिए भी वे डिमांड करते हैं। ऐसे में नंबरों की सिर्फ सीरीज ही अलग होती है, नंबर वही होते हैं। अब मनचाहे नंबरों के लिए उन्हें डीटीओ में आवेदन करना पड़ता है और इसके लिए वे लोग कितनी भी राशि खर्च करने को तैयार होते हैं।

राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए रवाना

पिलानी | कंजावा सोटोपान रियू फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आठ व नौ दिसंबर को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सीएलआर पब्लिक स्कूल पिलानी के 16 छात्र शुक्रवार को रवाना हुए। निदेशक धर्मेंद्र नेहरा व प्राचार्य शिवानी ने बताया कि कोच राकेश कुमार के नेतृत्व में 16 स्टूडेंट्स का दल आज रवाना हुआ। उन्होंने स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दी।

शराब व बीयर जब्त, आरोपी फरार

सादुलपुर| पुलिस ने गश्त के दौरान पांच कार्टन सौंफी शराब व बीयर जब्त की है, जबकि आरोपी अंधेरे में फरार हो गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि गश्त के दौरान रतनपुरा बस स्टैंड के पास एक जना पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया, तो आरोपी फरार हो गया। घटना स्थल से दो कार्टन सौंफी शराब व तीन कार्टन बीयर जब्त की गई है। महेंद्र पुत्र महावीर जाट निवासी रतनपुरा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

अधिकारी मानवाधिकारों का अध्ययन करें

मानवाधिकार आयोग के सदस्य डॉ. एनके देवराजन ने अधिकारियों की बैठक ली

भास्कर न्यूज | झुंझुनूं

राज्य मानव अधिकार आयोग के सदस्य डॉ. एमके देवराजन ने कहा कि मानवाधिकारों का दायरा विशाल है। अधिकारी मानव अधिकार के दायरे का विस्तृत अध्ययन करें तभी इसके नियमों व अधिकारों के तहत काम किया जा सकेगा।

वे शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की मीटिंग ले रहे थे। डॉ. देवराजन ने कहा कि मानवाधिकारों से जुड़े मामलों को प्रशासनिक अधिकारी सजगता से लें और जो प्रकरण हैं उनकी सूचना आयोग को भिजवाएं। ताकि सरकार और कोर्ट की मंशा के अनुरूप पीड़ित को राहत दी जा सके। जनता की समस्याओं को सुनकर उनके हरसंभव निराकरण करने का प्रयास करें।

उन्होंने एसपी केसी बिश्नोई से रास्ता जाम एवं ट्रैफिक व्यवस्था के बारे में भी पूछा। कन्या भ्रूण हत्या के मामलों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों से कहा कि वे ऐसे प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही करें। बैठक में जिले में दो महीने से लंबित पेंशन प्रकरणों, वर्ष 2011-12 में कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस द्वारा धारा 133 के तहत की गई कार्रवाई, लाउड स्पीकर, स्मोक फ्री, धूम्रपान, प्लास्टिक कैरी बैग जैसे अभियान पर भी अधिकारियों से चर्चा की।

बैठक में कलक्टर जोगाराम, एडीएम डॉ. हरसहाय मीणा, जिला परिषद सीईओ रामनिवास जाट, एसडीएम रिछपाल सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक मनफूल सिंह समेत अनेक अधिकारी मौजूद थे।

झुंझुनूं. कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक लेते राज्य मानवाधिकार आयोग के सदस्य डा. देवराजन।

ट्रक चालक को बांधकर पीटा

तारानगर |थाने में शुक्रवार को चार नामजद युवकों के खिलाफ सात्यूं राजपुरा सड़क पर एक ट्रक चालक को बांधकर उसके साथ मारपीट करने का मामला दर्ज हुआ। घायल ट्रक चालक को लोगों ने 108 एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उपचार के बाद उसे चूरू रैफर कर दिया। पुलिस के अनुसार राजू पुत्र दुर्गाराम प्रजापत निवासी ढाणी कुम्हारान ने पर्चा बयान के जरिए रिपोर्ट दी कि वह ट्रक में ईंट भरकर हिसार से गांव महात्मा जा रहा था। सात्यूं राजपुरा सड़क पर जीप से आए प्रभुराम व धन्नाराम, पन्नालाल, भंवरलाल कुम्हार निवासी ढाणी कुम्हारान ने गाड़ी को ट्रक के आगे लगा दिया। आरोपियों ने रंजिश को लेकर उसे ट्रक से नीचे उतारा। ट्रक में रखे रस्से से बांधकर उसे गाड़ी के टायर के नीचे डाल दिया तथा पिटाई की। उन्होंने ट्रक को भी जलाने का प्रयास किया । सामने से एक बाइक को आता देख आरोपी फरार हो गए।

कुएं में गिरने से युवती की मौत

झुंझुनूं | सोनासर में शुक्रवार को कुएं में गिरने से एक युवती की मौत हो गई। गांव के विजेंद्र पुत्र गुगनराम ने सदर थाने में रिपोर्ट दी कि उसकी बहन विनोपता (19) कुएं में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से लाश को बाहर निकाला। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वीडियोग्राफी 10 व 11 को

चिड़ावा| पिलानी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के डुप्लीकेट पहचान पत्र एवं वंचित मतदाताओं के पहचान पत्र बनाने के लिए उपखंड कार्यालय चिड़ावा में 10 व 11 दिसंबर को वीडियोग्राफी शिविर लगाया जाएगा। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम मेघराजसिंह मीणा ने विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से उपरोक्त दो दिवसीय विशेष शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

ट्रॉली में लगी आग

सादुलपुर| स्टेशन रोड पर शुक्रवार दोपहर में ट्रैक्टर की ट्रॉली में भरी पराली के बिजली लाइन के तार शॉर्ट से आग लग गई। ट्राली को खाली करवाकर आग पर काबू किया गया।

ज्यादती का प्रयास

पिलानी | नरहड़ की एक युवती ने ज्यादती के प्रयास का मामला थाने में दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने गांव के बस्तीराम पुत्र नानकराम, अली पुत्र मिस्त्री व कच्ची बस्ती जयपुर हाल नरहड़ के रफीक के खिलाफ घर में घुसकर ज्यादती का प्रयास करने तथा मारपीट करने का मामला दर्ज कराया है।

प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

मुकुंदगढ़ | डाइट प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद किलानिया ने शुक्रवार सुबह मंडी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में नामांकन पर्याप्त था लेकिन छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम मिली। उन्होंने विद्यालय स्टाफ को गृहकार्य, वर्कबुक तथा विद्यालय विकास, लहर, सीसीई कार्यक्रम पर ध्यान देने की बात कही। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या को देखते हुए अध्यापकों की नियुक्ति के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी। इसके अलावा मिड डे मील के तहत पोषाहार पर ध्यान देने के निर्देश दिए। विद्यालय में कुल 133 बच्चों का नामांकन है, जबकि यहां महज दो अध्यापिकाएं कार्यरत हैं।

कन्या भ्रूण हत्या रोकने का संदेश दिया

शिमला | राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में समाजोपयोगी समाज सेवा शिविर के दौरान शुक्रवार को छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर कन्या भ्रूण हत्या रोकने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य सुभाष यादव ने रैली को रवाना किया। वरिष्ठ अध्यापक राव रघुराजसिंह के नेतृत्व में निकाली गई रैली में कन्या भ्रूण हत्या रोकने, लिंग जांच नहीं कराने तथा तथा कन्या बचाओ नारे लगाए गए।

कंजरवेशन रिजर्व : अध्यक्ष मिले तो हो संरक्षण

ढिलाई

सात महीने पहले बनाई समिति का मुखिया अब तक नहीं मिला, एक भी बैठक नहीं

भास्कर न्यूज | झुंझुनूं

कंजरवेशन रिजर्व घोषित बीड़ (बीहड़) की योजनाएं रुकी पड़ी हैं। इसके संरक्षण के लिए बनाई प्रबंधन समिति को सात महीने बाद भी अध्यक्ष नहीं मिला। समिति की गठन के बाद से बैठक नहीं हुई, इसलिए अध्यक्ष भी नहीं बनाया जा सका। झुंझुनूं से बगड़ रोड के दोनों ओर 1047.48 हैक्टेयर क्षेत्र में फैले बीड़ क्षेत्र को रक्षित वनखंड तो पहले ही घोषित किया जा चुका था। इसके नैसर्गिक व जूलॉजीकल-बॉटनिकल महत्व को देखते हुए राज्य सरकार ने नौ मार्च 2012 को वन्य जीव (सुरक्षा) अधिनियम के तहत इसे कंजरवेशन रिजर्व भी घोषित कर दिया था। इसके संरक्षण, प्रबंध एवं रखरखाव तथा मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक को परामर्श देने के लिए वन विभाग ने दो मई 2012 को प्रबंधन समिति का गठन किया था। समिति में प्रतापपुरा सरपंच, तीन एनजीओ प्रतिनिधि, उपनिदेशक पशुपालन विभाग व कृषि विभाग को सदस्य तथा उप वन संरक्षक को सदस्य सचिव बनाया गया। समिति को बैठक आयोजित कर अपना अध्यक्ष स्वयं चुनकर कंजरवेशन रिजर्व के प्रबंधन, संरक्षण व रखरखाव के लिए प्रक्रिया का निर्धारण करना था लेकिन आज तक समिति की एक भी बैठक नहीं हुई है।

नहीं बन पाई बीड़ संरक्षण की योजना

बीड़ झुंझुनूं का दुर्भाग्य ही है कि सात महीने पहले कंजरवेशन रिजर्व घोषित होने के बावजूद भी अभी तक इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। इसके संरक्षण के लिए गठित समिति को अगर जल्दी ही अध्यक्ष मिल जाता तो अब तक उपेक्षा का शिकार रहे बीड़ के संरक्षण के लिए कम से कम योजनाएं तो बन जाती। बीड़ में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई रोकने, अतिक्रमण कर बनाई गई झुग्गी-झोपड़ियों को हटाने, गंदे पानी को बीड़ में जाने से रोकने, औषधीय वनस्पति को नष्ट होने से बचाने का काम क्रियान्वयन में आ सकता था। पक्षियों के संरक्षण एवं फॉरेस्ट टूरिज्म की योजनाएं भी बनती। कन्जर्वेशन रिजर्व घोषित होने के बाद अब तो इस पर से स्थानीय वन विभाग की जिम्मेदारी भी खत्म हो गई।

- समिति की बैठक हो जाती तो योजना बनाकर बीड़ की दशा सुधारने की दिशा में अब तक काम शुरू हो सकता था। बीड़ से गुजर रही सड़कों के दोनों ओर फेंसिंग करने, पशु-पक्षियों के लिए वाटर हॉल्स आदि बनाने, मुख्य सड़क से गांवों तक जाने के लिए लोगों द्वारा बनाए गए कच्चे रास्तों को बंद करने, नष्ट होती बहुमूल्य वनस्पति को बचाने सहित कई काम किए जाने हैं।

राजेश अग्रवाल, अध्यक्ष जिला पर्यावरण सुधार समिति झुंझुनूं

- प्रबंधन समिति गठन का मकसद समयबद्ध कार्ययोजना बनाना है। समिति सदस्यों की जिम्मेदारी होती है कि वे कार्ययोजना के अनुसार होने वाले संरक्षण कार्यों का अवलोकन करें। अंतरिम रिपोर्ट में बताए गए सभी कामों के लिए संतुष्ट होने पर ही वे रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करें। बड़े बजट की ऐसी परियोजना में एनजीओ व संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों को शामिल करने का मकसद पारदर्शिता बनाए रखना है। ये लोग संरक्षण संबंधी कार्यों के लिए बेहतर सुझाव भी देते हैं।

डॉ. सुनिल दुबे, पर्यावरणविद

शोक सन्देश

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि **श्रीमती विमला बसेरा** धर्मपत्नी श्री शिशराम बसेरा गांव- किढवाना, जिला झुंझुनूं का असामयिक निधन दिनांक 06.12.2012 को हो गया है जिसकी सात दिवसीय शोक बैठक दिनांक 12.12.2012 तक हमारे निवास स्थान गांव- किढवाना (झुंझुनूं) में रखी गई है।

श्रीमती विमला बसेरा
15.6.1964-06.12.2012

शोकाकुलः श्री शिशराम बसेरा (सुपरिंटेंट इंजीनियर, मार्केटिंग बोर्ड जयपुर), अंशु-विकास (पुत्री-दामाद), अभय, अभिषेक (पुत्र) एवं समस्त बसेरा परिवार, गांव- किढवाना, जिला झुंझुनूं मो. : 9413387019